सुनु जननी सोइ सुत बड़भागी । जो पितु मातु वचन अनुरागी ।।
तनय मातु पितु तोषनिहारा । दुर्लभ जननि सकल संसारा ।।
|| Ram Katha 963 – ❋मानस मातृ पितृ पक्ष || Yavatmal (भारत) || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 58 | इंदौर, बुधवार 10 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




श्राद्धतिथि दिवस | पितातुल्य स्नेह प्रदाता प्यारे बड़े भाईसाब का हरिनाम के साथ स्मरण - नमन ।

*पितृपक्ष तृतीया : श्राद्धतिथि दिवस
पितातुल्य -अग्रज बडे भाईसाब
प्रेमपूर्ण नमन ।। श्रीहरि ।।

श्रद्धापूर्ण नमन
उपाध्याय परिवार

◆ सड़क सुरक्षा से नई बस सेवा तक, CM यादव ने दिए बड़े निर्देश

# इंदौर से जल्द शुरू होगी सुगम परिवहन सेवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यात्रियों की सुविधाएं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। इसके लिए अंतरविभागीय बैठकें नियमित हों और सड़कों पर सुरक्षा से जुड़ी कमियों को तत्काल दूर किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बस स्टॉप पर साफ-सफाई और आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं। साथ ही परिवहन विभाग की राजस्व निगरानी प्रणाली को और मजबूत बनाने के भी निर्देश दिए।

**इंदौर से शुरू होगी मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा-** मुख्यमंत्री ने बैठक 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' जल्द शुरू करने को कहा। सेवा इंदौर से शुरू की जाएगी। इस सेवा में यात्रियों को किफायती किराए पर बेहतर और सुरक्षित सुविधाएं मिलेंगी। इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के उपयोग और



आवश्यक अधोसंरचना के विकास पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन सेवा के लिए बनाए गए नियमों का कड़ाई से पालन हो और संचालन में पूरी पारदर्शिता रहे।

**बसों और स्टॉप पर स्पष्ट पहचान-** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बसों के फ्रंट ग्लास पर शहरों और गांवों के नाम अनिवार्य रूप से प्रदर्शित हों। इसी तरह बस स्टॉप पर भी गांव और नगरों के नाम लिखवाए जाएं, ताकि यात्रियों को आसानी हो। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए वाहनों की गति सीमा पर सख्ती से नियंत्रण जरूरी है। वाहन चालकों के दस्तावेजों की वैधता की नियमित जांच भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता पर जोर दिया। परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि विभाग के आधुनिकीकरण की दिशा में लगातार कार्य हो रहा है। नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है।

**राजस्व में 6 प्रतिशत की वृद्धि-** बैठक में बताया गया कि वर्ष 2024-25 में परिवहन विभाग से 4,874 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित हुआ है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष अब तक 16 लाख 60 हजार वाहनों का पंजीयन हुआ है, जिनमें 2 लाख 58 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक व्हीकल शामिल हैं। प्रदेश में ऑन-रोड वाहनों की संख्या एक करोड़ 80 लाख के करीब है। राजस्व वृद्धि के लिए चालान से प्राप्त राशि का अधिकार प्रधान आरक्षक को सौंपे जाने की अधिसूचना शीघ्र जारी होगी।

◆ मजदूरों से भरा मिनी ट्रक पलटा

## दो लोगों की मौत, छह घायलों का इलाज जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास, एजेंसी।** देवास जिले में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छह से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा टोंक और चिड़ावद के बीच हुआ, जब मजदूरों से भरा मिनी ट्रक, बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया। मिनी ट्रक देवास के इटावा क्षेत्र से मजदूरों को लेकर टोंक जा रहा था। इसमें कुल 12 मजदूर सवार थे। ड्राइवर कामरान खान ने बीमा चौराहे से मजदूरों को बैठाया था। हादसे में मजदूर दिनेश (पिता कालूराम) और बाइक सवार शफी पटेल की मौत हो गई। शफी पटेल अपने भाई सोहराब पटेल के साथ नायता पोलाय से विजयागंज मंडी एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शफी की मौत हो गई। घायलों में प्रवेशी, माणकलाल, सपना, सीमा, राजवीर और एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। सभी घायलों को पुलिस ने तत्काल जिला अस्पताल पहुँचाया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि आयशर वाहन में रखी छत भरने की मशीन के कारण मजदूरों को गंभीर चोटें आईं।

डयूटी भी डेस्टिनी भी

## इंदौर कलेक्टर और बड़वानी कलेक्टर... बधाई...!



◆ दिल्ली में केंद्रीय मंत्री ने दिया वेटलैंड सिटी का सर्टिफिकेट

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में भी इंदौर बना देशभर में अव्वल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नई दिल्ली। देश का सबसे स्वच्छ शहर का तमगा लगातार हासिल कर रहा इंदौर अब स्वच्छ वायु अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव मंगलवार को दिल्ली स्थित पर्यावरण भवन पहुंचे। दोपहर में आयोजित समारोह में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने यह सम्मान दिया। एक बार फिर इंदौर ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनी**




**श्रेष्ठता सिद्ध की है।**

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में इंदौर को देशभर में प्रथम स्थान मिला है। खास बात यह रही कि इंदौर ने 200 में से 200 अंक हासिल कर स्वच्छ वायु के क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया। इस मौके पर इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा 'बबलू', अश्विनी शुक्ला और अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया भी मौजूद थे।

महापौर भार्गव ने कहा कि 'शहर में स्वच्छ हवा और प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाए रखने के प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हो रही है। यह सम्मान इंदौर की जनता की जागरूकता और सहभागिता का परिणाम है।' उन्होंने यह भी बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा इंदौर को वेटलैंड सिटी का दर्जा दिया गया है। इसका प्रमाण-पत्र भी केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा इसी कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। महापौर ने कहा कि 'एक साथ दो बड़े राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिलना इंदौर के लिए गर्व और खुशी की बात है।'

बोले- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

# चूहे काटने की घटना में दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

◆ स्वास्थ्य संस्थानों में प्रभावी उपायों के दिए निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में इंदौर में घटित चूहे काटने की घटना पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि पूरी कार्यवाही निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं तथ्यों के आधार पर की जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएँ स्वास्थ्य सेवाओं की छवि को धूमिल करती हैं, दोषी व्यक्तियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिये कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी रोकथाम उपाय तुरंत लागू किए जाएँ। अस्पताल अधीक्षक डॉ. अशोक यादव, प्रो. एवं विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश लाहोटी, प्रो. डॉ. मनोज जोशी एवं सहायक प्रभारी नर्सिंग अधिकारी श्रीमती कलावती भलावी को उक्त घटना के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। सहायक अधीक्षक एवं भवन प्रभारी डॉ. मुकेश जायसवाल, प्रभारी नर्सिंग अधिकारी सुश्री प्रवीणा सिंह, नर्सिंग अधिकारी सुश्री आकांक्षा बेंजामिन एवं सुश्री श्वेता चौहान को निलंबित किया गया है। नर्सिंग अधीक्षक श्रीमती मार्गरेट जोसफ को पद से हटाया गया है तथा नर्सिंग अधिकारी श्रीमती प्रेमलता राठौर का स्थानांतरण मानसिक चिकित्सालय में किया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि अस्पताल परिसरों की स्वच्छता, सुरक्षा और मरीजों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त तरुण राठी, तथा एम.डी. एम.पी. पब्लिक हेल्थ सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड मयंक अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# केमिकल फैक्ट्री में आग ऊंची-ऊंची लपटें उठीं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। ऊंची-ऊंची उठ रहीं लपटें और धुआं कई किलोमीटर दूर से नजर आया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची। करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ये घटना सोमवार रात करीब 8 बजे की है। पुलिस के मुताबिक आग आजाद नगर थाना क्षेत्र के पालदा उघोग नगर में स्थित शक्ति इनफेक्स नाम की केमिकल फैक्ट्री में लगी। आग बुझाने के लिए दमकलों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ी। जेसीबी की मदद से शेड तोड़ा गया, तब जाकर दमकल की गाड़ियां अंदर घुसी और करीब 10.30 आग बुझाई। नुकसान का आकलन फिलहाल नहीं हो सका है। अफसरों के मुताबिक इस फैक्ट्री में खाद और साबुन सहित अन्य सामान में डालने वाला केमिकल तैयार होता है। केमिकल के बड़े ड्रम भरे हुए थे, जिसमें आग पकड़ती गई। आग से अभी तक किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है।

# 17 सितम्बर भगवान विश्वकर्मा पूजा जयन्ती समारोह कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर।** प्रान्तीय विश्वकर्मा पांचाल समाज महासभा के प्रदेश संयोजक रमेश विश्वकर्मा तथा अध्यक्ष बिरजू शर्मा ने उक्त जानकारी दी है कि गांधी हाल में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सर्व विश्वकर्मा समाज महासभा के तत्वावधान में हर्ष एवं उत्साहपूर्वक भगवान विश्वकर्मा पूजा जयन्ती कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से हवन यज्ञ, भजन कीर्तन, संगीत कार्यक्रम होगा। संगठन की ओर से 21 महिलाओं को नारी शक्ति का सम्मान किया जायेगा तथा 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जायेगा । सायं 4 से 5 बजे के बीच म.प्र. सरकार के इन्दौर सांसद एवं क्षेत्रीय विधायक, पार्षदगणों को आमंत्रित किया गया उनका स्वागत तथा भगवान विश्वकर्मा सृष्टि रचना पर विचार एवं मच से उद्बोधन होगा, तत्पश्चात् सायं 6 बजे महाआरती तथा भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है। समाज के सर्व विश्वकर्मा पांचाल के सभी सदस्यों से आग्रह है कि गांधी हाल के कार्यक्रम में मय परिवार व बच्चों सहित पधारें ।

# स्कूल में बम का मेल, तुरंत पहुंची पुलिस, बच्चों को बाहर निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के गोल्डन स्कूल में मंगलवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब स्कूल को बम होने की धमकी वाला ईमेल मिला। मेल में लिखा था कि "आपके स्कूल में बम प्लांट किया गया है, जो कभी भी फट सकता है।"**

ईमेल देखने के बाद स्कूल प्रबंधन ने तुरंत एहतियात बरतते हुए क्लासेस के बीच ही बच्चों को स्कूल बस से घर भेज दिया। जोन 1 एडिशनल डीसीपी




आलोक शर्मा ने बताया कि "नयनतारा आउटलुक" नाम से रात 3 बजकर 18 मिनट पर ईमेल आया था। स्कूल प्रबंधन ने सुबह 7 बजे यह मेल देखा। इसके करीब तीन घंटे बाद, सुबह 10 बजे पुलिस को इसकी सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही राउ पुलिस टीम डॉग स्क्वाड के साथ कैंट रोड स्थित स्कूल पहुंची। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं। फिलहाल पूरे कैंपस में सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। पुलिस और स्कूल प्रबंधन ने अब तक अभिभावकों को आधिकारिक तौर पर कोई सूचना नहीं दी है। सर्चिंग पूरी होने तक स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# मुंबई सेंट्रल से इंदौर आने वाली तेजस 29 और जाने वाली 30 सितंबर तक चलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। संचालित हो रही मध्य प्रदेश की पहली तेजस सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन को यात्रियों की मांग और सुविधा को देखते हुए एक बार फिर विस्तार दिया गया है। ट्रेन पूर्व निर्धारित मार्ग, ठहराव और कोच संरचना के अनुसार ही संचालित होगी। विस्तारित फेरों की बुकिंग 9 सितंबर से शुरू हो चुकी है। इस विस्तार से यात्रियों को इंदौर और मुंबई के बीच यात्रा करने में और अधिक सुविधा मिल सकेगी।**

रेलवे के अनुसार, मुंबई सेंट्रल से इंदौर आने वाली तेजस स्पेशल ट्रेन का अंतिम फेरा अब 12 सितंबर की बजाय 29 सितंबर तक चलेगा। यह ट्रेन मुंबई से हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को रवाना होगी। वहीं, इंदौर से मुंबई सेंट्रल के लिए तेजस स्पेशल ट्रेन का अंतिम फेरा अब 13 सितंबर से बढ़ाकर 30 सितंबर तक



किया गया है। यह ट्रेन इंदौर से हर मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को चलेगी। इंदौर-मुंबई के बीच चलने वाली तेजस स्पेशल का किराया इसी मार्ग पर चल रही दुरंतो एक्सप्रेस और अवंतिका एक्सप्रेस से अधिक है। इंदौर-दुरंतो में फिलहाल सेकंड सीटिंग का किराया 460 रुपए, एसी इकोनॉमी का 2070 रुपए, थर्ड एसी का 2205 रुपए, सेकंड एसी का 2975 रुपए और फर्स्ट एसी का किराया 3670 रुपए है। वहीं, अवंतिका एक्सप्रेस में स्लीपर का किराया 465 रुपए, एसी इकोनॉमी का 1130 रुपए, थर्ड एसी का 1220 रुपए, सेकंड एसी का 1715 रुपए और फर्स्ट एसी का किराया 2870 रुपए है। तेजस स्पेशल ट्रेन के किराए निर्धारण का अधिकार आईआरसीटीसी को होता है, जो आवश्यकता अनुसार किराया बढ़ा सकती है। इंदौर-मुंबई तेजस का समय भी इंदौर से मुंबई के लिए चलने वाली दुरंतो एक्सप्रेस और अवंतिका एक्सप्रेस के मुकाबले ज्यादा है। तेजस ट्रेन इंदौर से मुंबई का सफर पूरा करने में दूरंतो से 3 घंटे और अवंतिका से 1 घंटे ज्यादा लेगी।

# चेकिंग के दौरान पकड़ाया धार का बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर के कनाड़िया थाना क्षेत्र में सोमवार रात चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान फारूख खान निवासी सागौर जिला धार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी पर धार जिले के विभिन्न थानों में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। धार पुलिस पहले भी उस पर रासुका की कार्रवाई कर चुकी है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि फारूख प्रतिबंधात्मक संगठन से जुड़ा हुआ है। सूत्रों के अनुसार, वह लंबे समय से इंदौर के खजराना इलाके में रह रहा था। कनाड़िया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# समाज उत्थान के लिए आध्यात्मिक विचारों की आवश्यकता... पंडित हरिनारायण वैष्णव

## भागवत कथा के तृतीय दिवस का प्रतिपादन...श्रीक्षेत्र शुक्रताल....

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

भारतभूमि संस्कृति और आध्यात्मिक प्रधान पवित्र भूमि होने के कारण जननी जन्मभूमि का दर्जा हमारे देश में दिया गया है। ऐसे पवित्र देश में जन्म लेना अपने आप में सौभाग्य की बात है। इस सौभाग्य का लाभ उठाकर हम सभी को इस मातृभूमि को गौरवशाली बनाए रखने के लिए सदैव अग्रसर रहना चाहिए—ऐसा प्रतिपादन सुप्रसिद्ध कथा वाचक एवं निरूपणकार पंडित हरिनारायण वैष्णव ने यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस के अवसर पर करते हुए कहा।

यहां श्री शिव धाम परिसर में सकल पालीवाल महाजन समाज द्वारा आयोजित कथा महोत्सव के प्रसंग में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह कथा समष्टि और सृष्टि में सर्वोच्च है। यदि मनुष्य और मानवता का संगम हो जाए तो किसी के भी जीवन में केवल सात दिनों में परिवर्तन लाया जा सकता है। जीवन सुधारने के विविध उपाय बताते हुए पंडित वैष्णव ने उसमें आध्यात्म का किस प्रकार उपयोग करना चाहिए, इस पर श्रोताओं को मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर उन्होंने ध्रुव बालक, भक्त प्रह्लाद तथा धुंदकारी की भक्ति की अद्भुत शक्ति का भी दर्शन कराया। कथा के अनुसार यदि हम अपने जीवन में परिवर्तन एवं सामाजिक विकास करना चाहते हैं तो श्रीमद्भागवत का अनुकरण करना चाहिए और उसे जीवन में उतारना चाहिए, तभी हमारा जीवन सफल हो सकता है—ऐसा प्रतिपादन उन्होंने अंतिम निरूपण प्रसंग का वर्णन करते हुए किया।

आज के तृतीय सोपान के प्रस्तुत प्रसंग ने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध और भावविभोर कर दिया। पंडित वैष्णव के मधुर सुरों से गाए गए भजनों से शिव धाम गुंजायमान हो उठा। नृसिंह भगवान अवतार कथा आज के समय में भक्तों को भक्ति की शक्ति का अद्भुत दर्शन कराती है, ऐसा भी उन्होंने कहा।

कथा के प्रारंभ से ही श्रोताओं की पावन उपस्थिति से माता आशापूर्णा भक्त समूह आनंदित हुआ। अंत में महाआरती के समापन से पूर्व उन्होंने श्री शिव महापुराण के महत्वपूर्ण प्रसंगों का भी सुंदर विवेचन प्रस्तुत किया।



# दशहरे की तैयारी शुरू...111 फीट का रावण और 250 वर्गफीट में बनेगी लंका



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में दशहरे की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इंदौर दशहरा महोत्सव समिति ने आज (मंगलवार) दशहरा मैदान पर रावण और लंका निर्माण के लिए पूजन किया। इस बार 111 फीट का रावण और 250 वर्गफीट में लंका का निर्माण किया जाएगा। इस काम में 20 से 22 दिन लगेंगे। पूजन के साथ ही कारीगरों ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।**

दशहरा महोत्सव समिति के संयोजक सत्यनारायण सलवाड़िया ने दशहरा मैदान पर रावण निर्माण में इस्तेमाल होने वाले शस्त्रों की विधि-विधान से पूजा की। उन्होंने निर्माण कलाकारों को तिलक लगाकर सम्मानित किया और दक्षिणा दी। इस मौके पर सुरेश मिंडा, नारायण सिंह यादव, प्रहलाद शर्मा, किशोर गुप्ता, नीलेश पटेल, अरुण माहेश्वरी, शंकर चिंतामणि, जितेंद्र रावरिया, राजाराम बोरासी, विशाल चतुर्वेदी, निखिल गड़द, धर्मेंद्र ठाकुर उपस्थित थे। सलवाड़िया ने बताया कि रावण के पुतले एवं लंका निर्माण के लिए प्रवीण हरगांवकर, लालू लाहोरिया से कलाकृति का निर्माण कराया जा रहा है। उसी के आधार पर निर्माण कराया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष पिंटू जोशी ने बताया कि हर साल दशहरा मैदान पर 111 फीट का रावण बनाया जाता है। इस बार भी इतनी ही ऊंचाई होगी। वहीं लंका का निर्माण भी हर वर्ष की तरह ही किया जा रहा है। बता दें कि कोविड के दौरान एक बार लंका का निर्माण नहीं किया गया था। उन्होंने बताया कि रावण बनाकर तैयार करने में 15 से 17 दिन लगते हैं। जिसके बाद तैयार रावण को दशहरा मैदान में खड़ा करने में 4 से 5 दिन का वक्त लगता है।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर घर बेचा

# पार्षद अनवर कादरी सहित 7 लोगों पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खजराना क्षेत्र में अनवर कादरी के खिलाफ धोखाधड़ी का एक और मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में अनवर के साथ छह अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। आरोप है कि अनवर और उसके साथियों ने मिलकर जौहरा बी नाम की महिला से फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए और फिर उसकी संपत्ति का सौदा किसी अन्य व्यक्ति को कर दिया।**

खजराना पुलिस ने जौहरा बी नाम की महिला की शिकायत पर समीना बी उर्फ किरण, अनवर खान उर्फ कादरी, साजिद खान, मोहम्मद फारुख, सईद मोहम्मद, शादाब खान और जहूर मोहम्मद को आरोपी बनाया है। पुलिस के अनुसार, जौहरा बी ने बताया कि उसकी किराएदार समीना बी उर्फ किरण ने अन्य



आरोपियों के साथ मिलकर फर्जी मुख्तारनामा (अधिकार पत्र) तैयार कराया। इसके आधार पर अनवर ने 1 नवंबर 2006 को संपत्ति की रजिस्ट्री करा ली। इस साजिश में पांच अन्य लोग भी शामिल थे और बाद में संपत्ति किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी गई। जौहरा बी ने अपनी शिकायत में बताया कि वर्तमान में विवादित घर में तब्बुसबी नाम की महिला रहती है, जिसने उसमें किरायेदार रखे हुए हैं। जौहरा बी के अनुसार, यह मकान उसके माता-पिता का था, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। उस समय समीना बी उर्फ किरण वहां किराए से रह रही थी। जौहरा बी ने बताया कि शादी के बाद वह लंबे समय तक उस मकान पर नहीं जा सकी। इसी दौरान आरोपियों ने अलमारी से संपत्ति के मूल दस्तावेज निकाल लिए और उन्हीं के आधार पर फर्जी कागजात तैयार कर लिए। इस पूरे मामले की साजिश अनवर कादरी ने रची थी। महिला का कहना है कि वह कई वर्षों से इस मामले की शिकायत पुलिस में कर रही थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। आखिरकार अनवर कादरी के खिलाफ लगातार हो रही शिकायतों और महिला की अपील पर कमिश्नर के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## सफाईकर्मी की इलाज के दौरान मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। तेजाजी नगर इलाके में एक माह पहले सड़क हादसे में घायल हुए सफाईकर्मी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, विजय (45) पुत्र लालजी गौहर को करीब एक माह पहले रात में घर लौटते समय एक कार ने टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद से उनका एमवाय अस्पताल में उपचार चल रहा था। रविवार रात इलाज के दौरान विजय की मौत हो गई। परिवार में उनके दो बेटे हैं, जो दोनों ही सफाई के काम से जुड़े हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## एमवाय अस्पताल में चूहा कांड के बाद बड़ा बदलाव डॉ. महेश कछारिया बने असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर के एम. वाय. अस्पताल में हाल ही में हुई दर्दनाक घटनाओं ने पूरे प्रदेश को हिला दिया है। दो नवजात बच्चों को अस्पताल में चूहों द्वारा कुतरने के बाद उनकी मौत हो गई थी। इस मामले ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए। घटना के बाद कांग्रेस और जयस ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और अस्पताल प्रशासन पर कार्रवाई की मांग तेज कर दी। इसी विरोध और हमलों के बीच अब अस्पताल प्रबंधन में अहम बदलाव किया गया है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद प्रशासन ने कदम उठाते हुए डॉ. महेश कछारिया को एम. वाय. अस्पताल का नया असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट नियुक्त किया है। डॉ. कछारिया पहले भी अस्पताल प्रबंधन से जुड़े रहे हैं और उन्हें अनुभवशील डॉक्टर माना जाता है। उम्मीद की जा रही है कि उनकी नियुक्ति के बाद अस्पताल की व्यवस्था में सुधार होगा और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। डॉ. कछारिया को अस्पताल प्रबंधन की जिम्मेदारी के साथ-साथ एजाइल कंपनी से जुड़े कामों का प्रभार भी सौंपा गया है।

# सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने के लिए अंतरविभागीय बैठक हो नियमित : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने के लिए अंतरविभागीय बैठक नियमित रूप से हो। सड़कों पर सुरक्षा से जुड़ी कमियां पाए जाने पर उन्हें तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क पर बने बस स्टॉप पर नागरिकों को साफ-सफाई के साथ आवश्यक सुविधाएं मिलें। परिवहन विभाग की राजस्व संग्रह निगरानी प्रणाली को और मजबूत किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में हुई परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। मुख्य सचिव अनुराग जैन भी मौजूद थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा इंदौर से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिवहन सेवा में यात्रियों की सुविधाओं और किफायती किराये पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परिवहन सेवा में इलेक्ट्रिकल व्हीकल और उससे जुड़े अधोसंरचना के कार्य को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि परिवहन सेवा के लिए बनाए गए नियमों का सख्ती से पालन हो, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शीघ्र प्रारंभ की जा रही है। इसकी शुरूआत बसों की आवाजाही के प्रदेश के सबसे बड़े केंद्र इंदौर नगर से होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बसों में शहरों एवं गांवों के नाम फ्रंट ग्लास पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किए जाएं। साथ ही बस स्टॉप पर भी गांव और नगरों के नाम अनिवार्य रूप से लिखवाए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए वाहनों की गति सीमा पर नियंत्रण किया जाना बेहद जरूरी है। इसी के साथ गाड़ी चलाने वाले व्यक्ति के पास आवश्यक कागजों की वैधता की जांच भी नियमित हो। परिवहन विभाग में बेहतर प्रबंधन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर भी जोर दिया। परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि विभाग के आधुनिकीकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। परिवहन अमले को उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नशे की हालत में गाड़ी चलाने वाले ड्राइवरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाही की जा रही है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रमुख निर्देश

- बसों के संचालन में और यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने नई तकनीक का प्रयोग करें।
- बसों के साथ ही बस स्टैंड और बस स्टॉप पर स्वच्छता रहे। वातावरण सुविधाजनक हो।
- यात्री बसों का बीमा अनिवार्य हो। सभी कार्य नियमों के अंतर्गत हों, पारदर्शिता रहे।
- दिव्यांग यात्रियों का विशेष ध्यान रखा जाए।
- बसें फिट हों, स्टॉफ का व्यवहार अच्छा हो।
- अप-डाउनर्स को भी आवश्यक सुविधाएं दी जाएं।
- बड़े शहरों की तरह कस्बों, गांवों के नाम मार्ग के किनारे बोर्ड पर अंकित किए जा सके।

## युवा मोर्चा नेता का अश्लील वीडियो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भाजपा युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री का एक महिला के साथ अश्लील वीडियो सामने आया। वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर सवाल उठाए। हंगामा बढ़ा तो पार्टी ने जीत निशोदे को युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री पद से हटा दिया। भाजपा युवा मोर्चा अरेरा मंडल के अध्यक्ष अभिषेक पुरोहित ने जीत को पद से हटाने के साथ ही पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी हटा दिया है। अश्लील वीडियो को लेकर कांग्रेस ने कहा कि अब भाजपा को बताना चाहिए कि क्या उसका यही चरित्र है।

## विधायक और कलेक्टर के झगड़े में पूर्व दस्यु की एंट्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**भिंड, एजेंसी।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव और भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाहा के झगड़े में अब पूर्व दस्यु मलखान सिंह की एंट्री हो गई है। उनका कहना है कि नेताओं और अफसरों के बीच खींचतान की वजह खाद की कमी है। इससे भी बड़ी बात ये है कि रेत पर चौथ वसूली हो रही है। मलखान ने कहा कि यदि सरकार ये कह रही है कि खाद की कमी नहीं है तो फिर चंबल में रात 3 बजे से महिलाएं खाद के लिए कतार में क्यों लग रही है? उन्होंने कहा है कि मैं भाजपा में नहीं हूं, लेकिन भाजपा के विधायक ने कलेक्टर से जनता का हक मांगा है। यदि एक विधायक जनता के हक की बात नहीं करेगा तो कौन करेगा? जनता उसे वोट क्यों देगी? दरअसल, मलखान सिंह सोमवार को राजधानी भोपाल आए थे। पिछले कुछ दिनों से वो विधायक और कलेक्टर के झगड़े के मामले में लगातार तीखे बयान दे रहे हैं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार खाद बांटने में पूरी तरह फेल साबित हुई है। सरकार के पास ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि किसान को सुविधा से दो बोरी खाद मिल पाए।

## डोमिनोज पिज्जा में 6 कॉकरोच रेंगते मिले

**शहडोल, एजेंसी।** डोमिनोज कंपनी के एक पिज्जा में छह से अधिक कॉकरोच रेंगते मिले हैं। इसकी शिकायत फूड एंड सेफ्टी अफसर से की गई है। दरअसल, शहडोल सीएसपी महेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह ने सोमवार रात डोमिनोज पिज्जा और कुछ अन्य खाने का सामान ऑनलाइन ऑर्डर किया था। कुछ समय बाद डिलीवरी बॉय ने उनके घर सामान पहुंचा दिया। बृजेंद्र सिंह ने बताया कि जब पिज्जा का बॉक्स खोला, तो उसमें 6 से ज्यादा कॉकरोच रेंगते हुए मिले। इस घटना के बाद बृजेंद्र तुरंत डोमिनोज स्टोर पहुंचे। उन्होंने पिज्जा और कॉकरोच दिखाए तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए पैसे वापस करने और दूसरा पिज्जा देने की पेशकश की। हालांकि, बृजेंद्र ने दोनों ऑफर ठुकरा दिए।

## 68 घंटे बाद शिप्रा में मिला लेडी कॉन्स्टेबल का शव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** नदी में बही कॉन्स्टेबल आरती पाल की कार शिप्रा में मिल गई है। आरती पाल का शव कार के पिछले हिस्से में मिला है। एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि जिस पुल से कार गिरी थी, वहां से लगभग 70 मीटर आगे मिली है। एनडीआरएफ और गोताखोरों की टीम कंफर्म कर रही है। हमारी पहली प्राथमिकता उनकी बॉडी को सुरक्षित बाहर निकालना है। गाड़ी लोकल गोताखोर मोहम्मद इरफान ने खोजी है। गोताखोर इरफान ने बताया कि चार दिन से गाड़ी की सर्चिंग चल रही थी। आज मैंने टीआई सर से 15 मिनट का टाइम लिया था। अपने अंदाज से जहां कार गिरी थी, वहीं से गाड़ी की सर्चिंग की। उसी जगह पर कार और कॉन्स्टेबल आरती पाल का शव मिला है। जिसके बाद टीम को सूचना दी। वहीं, बेटी का शव मिलने की सूचना मिलने के बाद कॉन्स्टेबल आरती के पिता भी मौके पर पहुंचे। वे बार-बार बेसुध हो रहे हैं। पुलिसकर्मी और परिजन उन्हें संभाल रहे हैं।

## पति की हत्या की धमकी देकर रेप किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** एक शादीशुदा महिला के साथ लव जिहाद का मामला सामने आया है। आरोपी ने पति की हत्या की धमकी देकर महिला के साथ डेढ़ साल तक रेप किया। उसका मंगलसूत्र छीन लिया। फिर इस्लाम कबूलने और शादी करने के लिए धमकाया। परेशान होकर महिला ने पद्मनगर थाने में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने रेप, धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम सहित एट्रोसिटी एक्ट में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अजाक डीएसपी महेश दुबे मामले की जांच कर रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी रफीक ने करीब डेढ़ साल पहले उसके घर में टाइल्स लगाने का काम किया था। इसी दौरान उससे दोस्ती हो गई थी। एडिशनल एसपी महेंद्र तारणेकर के मुताबिक, लव जिहाद के मामले में आरोपी रफीक को गिरफ्तार कर लिया है। एट्रोसिटी एक्ट की धारा भी लगाई गई है, जिसके चलते पूरे केस की जांच थाना अजाक पुलिस करेगी।

## गेस्ट फैकल्टी द्वारा वॉट्सऐप पर छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गंजबासौदा, एजेंसी।** विदिशा में गंजबासौदा के एक कॉलेज में फर्स्ट ईयर की छात्रा के साथ गेस्ट फैकल्टी द्वारा वॉट्सऐप पर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पिछले 3-4 दिनों से वे छात्रा को लगातार वॉट्सऐप मैसेज कर रहे थे। मैसेज में लिखा-तुम बहुत क्यूट लगती हो, अपनी पिक्स भेजो। जब मैसेज का स्वरूप अश्लील हो गया, तब छात्रा ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी। मंगलवार को पीड़ित छात्रा ने परिजन के साथ कॉलेज प्रशासन और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तुरंत कॉलेज पहुंची और गेस्ट टीचर को देहात थाने ले गई।

### मनोज श्रीवास्तव बोले-

## नवाचार की अद्भुत क्षमता है सचिव अभिषेक सिंह में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट




**भोपाल, एजेंसी।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह में नवाचार करने की अद्भुत क्षमता है। उनकी क्रिएटिविटी और प्रशासनिक दक्षता प्रशंसनीय है। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने यह बात मंगलवार को राज्य निर्वाचन आयोग में सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह को स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई देते हुए कही। राज्य निर्वाचन आयोग श्री श्रीवास्तव ने कहा कि श्री सिंह ने आयोग में ई-ऑफिस प्रणाली लागू कर फाइलों से मुक्ति दिलायी। पदोन्नति नियम-2025 लागू होते ही प्रदेश में पहला पदोन्नति आदेश आयोग में जारी करवाया। उन्होंने कहा कि श्री सिंह ने पेपरलेस बूथ की कल्पना को साकार करने का असंभव सा कार्य करके दिखाया। अन्य राज्यों के साथ ईवीएम शेयरिंग की शुरूआत की। इससे आयोग की आय में वृद्धि हुई। श्री श्रीवास्तव ने श्री सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संपादकीय

## तमिलनाडु में बीजेपी की एक प्रमुख आवाज रहे है राधाकृष्णन

जुलाई में धनखड़ के अप्रत्याशित रुप से पद छोड़ने के बाद भारत के उपराष्ट्रपति के रुप में सीपी राधाकृष्णन चुने जा चुके हैं। उनका चुनाव, संसद में एनडीए की स्पष्ट बढ़त से कम और तमिलनाडु में उनकी छवि को लेकर अधिक है। राधाकृष्णन तमिलनाडु में बीजेपी की एक प्रमुख आवाज रहे हैं। एनडीए के उम्मीदवार के रूप में उनका चयन तमिलनाडु के द्रविड़ समुदाय को दुविधा में डालने वाला था। इसका तुरंत जवाब इंडिया गठबंधन ने एक तेलुगु उम्मीदवार, पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी सुदर्शन रेड्डी को खड़ा करके दिया। विपक्ष को यह उम्मीद थी की राज्य में एनडीए के सहयोगियों को भी इसी तरह के धर्मसंकट का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, चुनाव रिजल्ट बताते हैं कि अंतिम परिणाम में क्षेत्रीय एकजुटता की कोई खास भूमिका नहीं रही। सवाल यह है कि क्या बीजेपी का यह दांव उसे उस राज्य में गंभीर राजनीतिक लाभ दिलाने के लिए पर्याप्त है, जो द्रविड़ पहचान के प्रति अपने जुनून के कारण पारंपरिक रुप से उत्तरी दलों के प्रति शत्रुतापूर्ण रहा है। अगर केरल में अल्पसंख्यक समुदायों की बहुलता बिना सहयोगियों के बीजेपी के राजनीतिक उत्थान को लगभग असंभव बना देती है, तो तमिलनाडु में उत्तर-विरोधी, ब्राह्मण-विरोधी भावना एक अतिरिक्त गतिरोधक है। इसका क्षेत्रीय दल फायदा उठाने की उम्मीद कर सकते हैं। स्थानीय द्रविड़ दल भी उत्तर के साथ सांस्कृतिक जुड़ाव को नकारने के लिए काफी हद तक आगे बढ़ चुके हैं। मोदी के नेतृत्व में बीजेपी तमिलनाडु को सबसे बड़ी चुनौती मानती है, और इसके लिए उसने मतदाताओं को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। नए संसद भवन में सेंगोल की स्थापना से लेकर काशी और तमिल लोगों के बीच सभ्यतागत संबंधों का जश्न मनाने के लिए आयोजित होने वाले वार्षिक आयोजन काशी तमिल संगमम की स्थापना तक की गई। स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा गंगईकोंडा चोलपुरम में पूजा-अर्चना करने तक, जहां चोल सम्राट राजेंद्र चोल- ने भगवान शिव का एक भव्य मंदिर बनवाया था। इससे बीजेपी ने तमिल राजनीति में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रुप में अपनी स्वीकार्यता की बाधाओं को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। गंगईकोंडा चोलपुरम यात्रा के दौरान किए गए अन्य वादों के अलावा, मोदी ने कहा कि राज्य में राजराजा चोल और उनके पुत्र राजेंद्र चोल की ऊंची मूर्तियां बनाई जाएंगी।




## OSHO कहिन



**"जीवन को अपने हिसाब से जीने के लिए सबसे पहले दूसरों की अपेक्षाओं से मुक्त हो जाओ।"**

## ज्ञान-विज्ञान

# क्या विटामिन-डी आपकी उम्र बढ़ने से रोकने में मदद करती है...

## अमेरिकी स्टडी में खुलासा

एक नई स्टडी में पता चला है कि विटामिन डी की गोलियां हमें लंबे समय तक स्वस्थ और जवान रख सकती हैं. यह हमारे डीएनए की रक्षा करने वाले टेलोमियर्स को बचाता है, जो बुढ़ापे से जुड़ी बीमारियों को रोकने में मदद करते हैं. लेकिन इसमें एक कंडीशन भी है.



### विटामिन डी और टेलोमियर्स क्या है कनेक्शन?

विटामिन डी को सनशाइन विटामिन भी कहते हैं, हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है. यह हड्डियों को मजबूत करता है. इम्यून सिस्टम को ताकत देता है. लेकिन नई स्टडी कहती है कि यह बुढ़ापे को भी धीमा कर सकता है. हमारे शरीर में 46 क्रोमोसोम्स होते हैं, जिनके सिरों पर टेलोमियर्स नाम की छोटी संरचनाएं होती हैं. ये टेलोमियर्स डीएनए को नुकसान से बचाते हैं, जैसे जूते के फीते की टोपी फीते को खराब होने से रोकती है.

हर बार जब हमारी कोशिकाएं विभाजन करती हैं, टेलोमियर्स थोड़े छोटे हो जाते हैं. जब ये बहुत छोटे हो जाते हैं, तो कोशिकाएं मरने लगती हैं, जिससे कैंसर, दिल की बीमारी और गठिया जैसी उम्र से जुड़ी बीमारियां बढ़ सकती हैं. धूम्रपान, तनाव और सूजन (इन्फ्लेमेशन) टेलोमियर्स को और तेजी से छोटा करते हैं. लेकिन विटामिन डी इन टेलोमियर्स को बचाने में मदद करता है, जिससे कोशिकाएं लंबे समय तक स्वस्थ रहती हैं.

### स्टडी में क्या पता चला?

ऑगस्टा यूनिवर्सिटी, अमेरिका की एक स्टडी में 1031 लोगों को शामिल किया गया, जिनकी औसत उम्र 65 साल थी. इन लोगों को पांच साल तक देखा गया. आधे लोगों को रोज 2000 IU (इंटरनेशनल यूनिट) विटामिन डी की गोली दी गई. बाकी आधों को प्लेसिबो (बिना दवा की गोली). शोधकर्ताओं ने उनके टेलोमियर्स को शुरू में, दो साल बाद और चार साल बाद मापा.

नतीजे चौंकाने वाले थे. जिन लोगों ने विटामिन डी लिया, उनके टेलोमियर्स 140 बेस पेयर्स ज्यादा बचे रहे, जबकि प्लेसिबो ग्रुप में ऐसा नहीं हुआ. सामान्य तौर पर, टेलोमियर्स 10 साल में 460 बेस पेयर्स छोटे होते हैं. इसका मतलब है कि विटामिन डी बुढ़ापे को धीमा करने में सचमुच मदद कर सकता है.

पहले की स्टडीज में भी ऐसा ही देखा गया था. मेडिटेरेनियन डाइट, जो सूजन कम करने वाले पोषक तत्वों से भरे हैं, वो भी टेलोमियर्स को लंबा रखने में मदद करती है.

### विटामिन डी के फायदे हड्डियों से ज्यादा




विटामिन डी को हम हड्डियों के लिए जानते हैं, क्योंकि यह कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है. बच्चों, किशोरों और गहरे रंग की त्वचा वाले लोगों को, जिन्हें धूप कम मिलती है, विटामिन डी की बहुत जरूरत होती है. लेकिन यह सिर्फ हड्डियों तक सीमित नहीं है.

यह हमारे इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करता है. स्टडीज दिखाती हैं कि यह सर्दी-जुकाम और सांस की बीमारियों को कम करता है. खासकर उन लोगों में जिनमें विटामिन डी की कमी है. कुछ शुरुआती शोध कहते हैं कि यह रूमेटाइड गठिया, ल्यूपस और मल्टीपल स्क्लेरोसिस जैसी ऑटोइम्यून बीमारियों को रोक सकता है, लेकिन इसके लिए और रिसर्च चाहिए. विटामिन डी सूजन को कम करता है, जो टेलोमियर्स को नुकसान से बचाता है. यही कारण है कि यह बुढ़ापे से जुड़ी बीमारियों को रोकने में मददगार हो सकता है.

### कंडीशन क्या है?

कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि बहुत लंबे टेलोमियर्स भी बीमारी का खतरा बढ़ा सकते हैं, जैसे कुछ तरह के कैंसर. इसका मतलब है कि टेलोमियर्स की लंबाई का एक सही संतुलन होना चाहिए, जिसे हम अभी पूरी तरह नहीं समझते.

इसके अलावा, विटामिन डी की सही खुराक पर भी सहमति नहीं है. इस स्टडी में 2000 IU रोज दी गई, जो सामान्य सलाह (600 IU 70 साल से कम उम्र वालों के लिए और 800 IU बुजुर्गों के लिए) से ज्यादा है. कुछ स्टडीज कहती हैं कि 400 IU भी सर्दी रोकने के लिए काफी है. खुराक हर व्यक्ति के लिए अलग हो सकती है, जैसे उनकी मौजूदा विटामिन डी की मात्रा, खान-पान और अन्य पोषक तत्वों पर निर्भर करता है. ज्यादा मात्रा में विटामिन डी लेना खतरनाक भी हो सकता है, जैसे किडनी में पथरी या कैल्शियम का जमाव. इसलिए, बिना डॉक्टर की सलाह के ज्यादा खुराक नहीं लेनी चाहिए.

विटामिन डी की यह स्टडी हमें बुढ़ापे को समझने की नई दिशा देती है. यह टेलोमियर्स को बचाकर हमें लंबे समय तक स्वस्थ रख सकता है. लेकिन अभी और रिसर्च की जरूरत है ताकि सही खुराक और इसके जोखिमों को समझा जा सके. तब तक, अच्छा खान-पान, व्यायाम और तनावमुक्त जीवन ही हमें जवान और स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा तरीका है.

New Delhi

# वायु सर्वेक्षण में फूली दिल्ली की सांस, रैंकिंग में 24 पायदान की गिरावट, अब 32वें स्थान पर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगातार खराब होता जा रहा है। हवा में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक और हेवी मेटल सांस के साथ फेफड़ों की क्षमता को प्रभावित कर मूक कातिल बनकर लोगों की सांस उखाड़ रहा है। आलम यह है कि पिछले साल सातवें पायदान पर रही दिल्ली केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की हालिया रिपोर्ट स्वच्छ हवा सर्वेक्षण 2025 में 32वें स्थान पर पहुंच गई है।

सर्वेक्षण के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 10 लाख से अधिक आबादी वाले 48 शहरों की इस रैंकिंग में दिल्ली की रैंकिंग में 24 पायदान की गिरावट आई



है। पिछले साल 2024 में यह सातवें पायदान पर थी। इसने विशेषज्ञों और पर्यावरणविदों की चिंता बढ़ा दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानकों से कहीं अधिक है। पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5) का स्तर खतरनाक स्तर पर बना हुआ है, जो सांस संबंधी बीमारियों और जीवन प्रत्याशा पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इसके अलावा, राजधानी की बयार को राज्य स्तर पर 172.3 और अंतिम स्कोर 157.3 मिला है।

आलम यह है शिकागो यूनिवर्सिटी के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण औसतन जीवन प्रत्याशा में 8 साल की कमी आ रही है।

Uttarpradesh

## ड्रग तस्करी के खिलाफ पुलिस का एक्शन जारी... अब तक 13 करोड़ रुपये का नशीला पदार्थ जब्त



**सहारनपुर, (एजेंसी)** सहारनपुर के डीआईजी अभिषेक सिंह ने ऑपरेशन सवेरा नामक विशेष अभियान चलाकर मादक पदार्थों की तस्करी और नशे के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है. यह अभियान 14 अगस्त 2025 से जारी है और लगातार प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है. ऑपरेशन सवेरा के तहत सहारनपुर रेंज के तीनों जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और शामली में नशा तस्करी करने वालों के खिलाफ विशेष कार्रवाई की जा रही है. अभियान के तहत अब तक 87 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं और 116 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. साथ ही 13 करोड़ 85 लाख रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं. इस अभियान में मुख्य तौर पर पेडलर, डिस्ट्रीब्यूटर और हॉटस्पॉट की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं. डीआईजी अभिषेक सिंह ने बताया कि यह अभियान न केवल तस्करों के खिलाफ है, बल्कि समाज में नशा मुक्त भविष्य बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है. अभियान के तहत पुलिस सक्रिय रूप से नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए अभियान चला रही है, ताकि महिलाओं और बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सके. यह अभियान लगातार सतर्कता से संचालित किया जा रहा है ताकि कोई भी मादक पदार्थ का कारोबार अपराधियों को समाज में फैलाने का मौका न मिले.

New Delhi

## शिक्षित महिला नहीं कह सकती वह गुमराह है...

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि एक शिक्षित और स्वतंत्र महिला अपनी मर्जी से एक शादीशुदा पुरुष के साथ संबंध रखती है, तो वह यह दावा नहीं कर सकती कि उसे गुमराह या शोषित किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने यह फैसला एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज FIR को खारिज करते हुए सुनाया, जिस पर शादी का झांसा देकर, धोखाधड़ी और ठगी के साथ-साथ शिकायतकर्ता ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने रेप का मामला खारिज करते हुए कहा-शिकायतकर्ता को पता था कि आरोपी ने किसी और से शादी कर ली है, फिर भी वह उसके साथ स्वेच्छा से रही और यौन संबंध बनाए रखे। ये परिस्थितियां पुष्ट करती हैं कि दोनों पक्षों के बीच संबंध सहमति से थे और शादी के झूठे वादे से प्रेरित नहीं थे। ऐसे मामलों में वयस्कों को अपनी मर्जी से लिए गए फैसलों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कोर्ट का यह फैसला 3 सितंबर को आया था, जिसकी जानकारी अब सामने आई है। महिला ने दावा किया था कि आरोपी ने शादी का वादा करके कई बार उसका रेप किया और बाद में दूसरी महिला से शादी कर ली।

Bihar

## यूपी की लड़की से पटना में रेप, हैवान ने 14 साल की नाबालिग को धमकी भी दी

**पटना, (एजेंसी) बिहार की राजधानी पटना में दुष्कर्म की वारदात से सनसनी फैल गई है। यहां गोपालपुर थाना क्षेत्र के इलाहीबाग में 14 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित के मां के बयान पर गोपालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना आठ सितम्बर की देर रात की है। पीड़ित किशोरी मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। वर्तमान में परिवार के साथ गोपालपुर थाना इलाके में रहती है।**

पीड़िता की मां का आरोप है कि दुष्कर्मी ने किसी को घटना की जानकारी देने पर हत्या की धमकी भी दी है। इसकी वजह से परिवार के सभी लोग डरे-सहमे हैं। पटना सदर डीएसपी टू रंजन



कुमार ने बताया कि मानपुर बैरिया निवासी सोनू कुमार पर दुष्कर्म का आरोप लगा है। किशोरी का मेडिकल कराया गया है। आरोपित के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

खेल

# अफगानिस्तान ने एशिया कप टी20 में रनों के लिहाज से तीसरी बड़ी जीत दर्ज की, हांगकांग को हराया

अबु धाबी। गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की मदद से अफगानिस्तान ने हांगकांग को एशिया कप के ग्रुप बी मुकाबले में 94 रनों से हराकर विजयी शुरुआत की। अफगानिस्तान ने सेदिकुल्लाह अटल और अजमातुल्लाह ओमरजई के अर्धशतकों से 20 ओवर में छह विकेट पर 188 रन बनाए। जवाब में हांगकांग की टीम 100 रन भी नहीं बना सकी और 20 ओवर में नौ विकेट पर 94 रन ही बना पाई और उसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। यह एशिया कप टी20 में रनों के लिहाज से किसी टीम की तीसरी बड़ी जीत है।

हांगकांग ने पहले सलामी बल्लेबाज अंशुमान राथ का विकेट गंवाया जो खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद अजमातुल्लाह ने जीशान अली को आउट किया जो पांच रन बनाकर पवेलियन लौटे। फिर निजाकत खान रन आउट हुए जो खाता भी नहीं खोल सके। वहीं, कल्हान चल्लू भी चार रन



बनाकर रन आउट हुए। बाबर ने किंचित शाह के साथ मिलकर टीम को संभालने की कोशिश की और दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 21 रन जोड़े, लेकिन नूर अहमद ने किंचित को आउट कर हांगकांग को एक और झटका दिया। किंचित छह रन बनाकर आउट हुए। हांगकांग को बाबर हयात के रूप में छठा झटका लगा जो 43 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाना शुरू कर दिए। अफगानिस्तान की ओर से फजलहक फारूकी और गुलबदिन नईब ने दो-दो विकेट लिए, जबकि अजमातुल्लाह ओमरजई, राशिद खान और नूर अहमद को एक-एक विकेट मिले।

अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। अफगानिस्तान के लिए सेदिकुल्लाह अटल और रहमानुल्लाह गुरबाज ने पारी की शुरुआत की, लेकिन यह सलामी जोड़ी बड़ी साझेदारी नहीं कर सकी। अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 26 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए। अफगानिस्तान को रहमानुल्लाह गुरबाज के रूप में पहला झटका लगा जो पांच गेंदों पर एक छक्के की मदद से आठ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद इब्राहिम जादरान भी एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। हांगकांग को शुरुआती सफलता आयुष शुक्ला ने दिलाई। इसके बाद अतीक इकबाल ने जादरान को विकेटकीपर जीशान अली के हाथों कैच कराया।

शुरुआती झटकों के बाद सेदिकुल्लाह और मोहम्मद नबी ने टीम की पारी को संभाला। नबी और सेदिकुल्लाह के बीच तीसरे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी हुई। नबी 26 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 33 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें केडी शाह ने अपना शिकार बनाया। अफगानिस्तान को चौथा झटका गुलबदिन नईब के रूप में लगा था जो पांच रन बनाकर आउट हुए। सेदिकुल्लाह ने इस बीच 51 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

सिनेमा

# ऐश्वर्या राय AI-जनरेटेड कंटेंट के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पहुंची




बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई और बिना इजाजत उनकी फोटो, नाम, पहचान और AI जनरेटेड अश्लील कंटेंट के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कोर्ट से कहा उनके पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन हो रहा है। एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने कोर्ट में कहा कि भ्रामक प्रचार और फायदे के लिए ऐश्वर्या राय की पहचान का धड़ल्ले से गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐश्वर्या की अश्लील, छेड़छाड़ की गई और AI जनरेटेड तस्वीरें ऑनलाइन फैलाई जा रही हैं। संदीप सेठी ने इसे ऐश्वर्या की गरिमा और अधिकारों का गंभीर उल्लंघन बताया। उन्होंने कंटेंट की विचलित करने वाली प्रकृति पर जोर देते हुए कहा कि एक्ट्रेस की तस्वीरों का इस्तेमाल किसी की यौन इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा है। एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने उन वेबसाइटों के बारे में बताया जो खुद को ऑफिशियल प्लेटफॉर्म बताकर ऐश्वर्या के नाम और उनकी तस्वीर वाले मग, टी-शर्ट और ड्रिंक प्रोडक्ट्स सहित कई अन-ऑथोराइज्ड सामान बेच रहे हैं।

## Highlights

1. TDP's 'Super Six–Super Hit' Anantapur rally to target YSRCP
2. FIR filed in case of UP woman set on fire by stalker
3. Rahul Gandhi casts vote in Vice Presidential elections
4. She never told me: Husband of UP woman set on fire by stalker
5. Karnataka government announces Quantum City at Hessarghatta
6. Massive fire breaks out at Vishal Mega Mart in Ambala

# Why iPhone Air is a design win for Apple, reminiscent of the Steve Jobs era

**NEW DEIHI, (Agency).** Tim Cook appeared to be channeling his predecessor and design genius Steve Jobs when he unveiled the iPhone Air, Apple Inc.'s slimmest mobile handset yet and the biggest change in eight years to a lineup that fans and analysts complained was stagnating.

On Tuesday, CEO Cook kicked off the "awe dropping" Apple Event 2025 at its Cupertino, California, headquarters with a Jobs quote: "For us, design goes beyond just how something looks or feels. Design is also how it works."

Inside its 5.6-mm-thick (0.22 inch) frame—thinner than Samsung Electronics Co. Ltd.'s S25 Edge at 5.8 mm—the iPhone Air's circuitry has been shrunk to the size of a few postage stamps, clearing the way for as much battery capacity as possible.

Going into the event, many analysts had predicted a



ho-hum reception to the product launches, but on Tuesday some said the four new iPhones—iPhone Air, iPhone 17, iPhone 17 Pro and iPhone 17 Pro Max - offered a lineup likely to appeal to customers with varied budgets.

And doubts still linger about whether the new smartphone will match its promised battery capacity, and whether consumers will settle for one fewer camera. The iPhone Air will have Apple's best and newest A19 Pro processor chip, which is tuned to handle artificial intelligence tasks, and two new custom Apple communications chips. "I heard loud claps the moment it was announced," said Gaurav Chaudhary, a YouTuber with nearly 24 million followers, popularly known as 'Technical Guruji'. He praised the iPhone Air's titanium frame and ceramic shield glass, which Apple said make the device more durable.Chaudhary said that despite hearing numerous leaks about the device ahead of time, he was still impressed after handling it in the Steve Jobs Theater at Apple headquarters, even if he still wants to see if Apple's battery life claims hold up.

# Decoded: Apple iPhone Air, AirPods Pro 3 with heart rate sensor & Watch Ultra 3

**NEW DEIHI, (Agency).** As Apple chief executive officer Tim Cook took to the stage to get the tech giant's most significant product launch underway, he underlined that "design for us goes beyond just look or feel". It indeed is a factor of design that the iPhone Air joins the iPhone portfolio, and updates to the Watch Ultra and AirPods Pro allow for the addition of a number of new capabilities, without increasing the footprint of either. As has been the case in previous years, Apple has showcased four next-generation iPhones, but that's where the continuity ends.

The standard iPhone 17 is flanked by the iPhone 17 Pro and 17 Pro Max with new back



designs, as well as an all-new iPhone Air, an ultra-thin design measuring just 5.6 mm that Tim Cook described as Apple's thinnest smartphone and one that he expected to be "a game changer".

These iPhones are set to go on sale later this month in most countries, including India. The rejuvenated smartphone portfolio in particular should hold Apple in good stead against increased competition from Samsung, and Chinese brands including Xiaomi and OnePlus.

Pivoting from the portfolio as it used to be, Apple is retaining one screen size for the standard, colourful iPhone, the iPhone 17, but in a larger 6.3-inch screen size (instead of the 6.1-inch size) while adding adaptive refresh rate ProMotion technology and new camera hardware, including versatile selfie orientation. This runs the A19 chip, a 3-nanometer architecture chip, with a promise of better battery stamina, up to 20% faster than an iPhone 16, and a faster neural engine for artificial intelligence (AI) processing.

Prices of the iPhone 17 start at ₹82,900, with 256GB being the minimum storage spec.

# एक्टर एजाज खान पर एफआईआर

## गैंगस्टर सलमान लाला की मौत के बाद भड़काऊ रील बनाई थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने एक्टर एजाज खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एजाज खान ने सलमान लाला की मौत के बाद एक भड़काऊ रील बनाई थी, जिसे अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वायरल किया था। क्राइम ब्रांच के अफसरों ने इसे गलत बताते हुए कार्रवाई की बात कही थी। इसे लेकर मंगलवार शाम एजाज पर केस दर्ज कर लिया गया।**

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया के मुताबिक, सलमान लाला की मौत के बाद उसे सांप्रदायिक रूप देने के मामले में एक्टर एजाज खान पर ए फ आ ई आ र की गई है। एजाज खान ने एक वीडियो में सलमान के लिए कहा था कि वह वर्ग विशेष का था, इसलिए पुलिस ने उसे मार दिया। जबकि इस मामले में सलमान के एनकाउंटर जैसे किसी भी तरह के साक्ष्य मौके पर नहीं मिले थे। सोशल मीडिया पर सलमान लाला को लेकर और भी कई वीडियो वायरल हुए थे, जिनमें भड़काऊ पोस्ट थीं। इसे लेकर क्राइम ब्रांच ने करीब 35 अकाउंट को लिस्टेड किया था। आने वाले समय में उन पर भी कार्रवाई हो सकती है। एजाज ने शादी और रियलिटी शो हाउस अरेस्ट में कास्ट करने का झांसा देकर महिला से जबरदस्ती संबंध बनाने के भी आरोप लगे हैं। इसे लेकर महिला ने चारकोप पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि एजाज खान ने उसे हाउस अरेस्ट शो को होस्ट करने का ऑफर दिया था। शूटिंग के दौरान एजाज खान ने उसे शादी के लिए प्रपोज किया और बाद में अपने घर ले गया, जहां उसने 25 मार्च को महिला से जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। महिला का दावा है कि एजाज खान ने कई बार उसके साथ जबरदस्ती की। एजाज ने उससे कहा था कि उसके धर्म में 4 शादियां करने की इजाजत है, ऐसे में वह उसकी पूरी जिम्मेदारी उठाएगा। हालांकि पुलिस ने इसके बाद उसे गिरफ्तार भी किया था। बाद में महिला आयोग ने भी इस मामले में संज्ञान लिया था।



# निजी कंपनी कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आजाद नगर इलाके में सोमवार देर रात एक निजी कंपनी में कार्यरत युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। हर्षित नामदेव (24), निवासी बिचौली मर्दाना, ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा था, तभी बडी लखानी पालदा क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।**

पुलिस के मुताबिक, हादसे के बाद हर्षित को एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रात में परिजनों ने जब उसे कॉल किया तो डॉक्टरों ने फोन उठाकर दुर्घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचे। हर्षित के दोस्तों ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। उसके परिवार में माता-पिता और एक छोटी बहन है। पिता देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश जारी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक